**SRU WORLD**
(A Monthly News Letter)
Vol : 07 June 2023 Page : 8



## मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल कंपनी ने किया प्लेसमेंट...

श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 27 जून 2023 को सिक्किम स्थित मैकलियोड्स फार्मा कंपनी द्वारा प्लेसमेंट किया गया। बता दें की मैकलियोड्स कई प्रमुख चिकित्सीय क्षेत्रों में फॉर्मूलेशन की एक विस्तृत श्रृंखला, निर्माण और विपणन में प्रशिद्ध कम्पनी हैं मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स




लिमिटेड एक वैश्विक दवा कंपनी के रूप में काम करती है। जिसमें एंटी-इन्फेक्टिव, कार्डियोवस्कुलर, एंटी-डायबिटिक, त्वचाविज्ञान और हार्मोन उपचार शामिल हैं।प्लेसमेंट में श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के साथ-साथ श्री रावपतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़ जबलपुर एवं कुम्हारी कैम्पस से भी विद्यार्थी शामिल हुए। कंपनी की ओर से आयोजित कैंपस सेलेक्शन में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा द्वारा छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा को परखा गया एवं अंतिम चयन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया जिसमें विद्यार्थी मुकेश केवट, अरुण कुमार साहू, करण कुमार साहू को चयनित किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल कंपनी से एचआर हेड, प्रोडक्शन हेड एवं QC हेड शामिल हुए उन्होंने छात्रों की प्रतिभा देख उनकी सरहाना की साथ ही उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शित भी किया।

## विश्वविद्यालय में जून माह में 40 विद्यार्थी हुए चयनित...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में जून माह में प्रदेश और देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों ने प्लसमेंट का अवसर प्रदान किया जिसमें लगभग 40 विद्यार्थी चयनित हुए। विद्यार्थियों ने भी अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया है और विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में वे सभी विद्यार्थियों ने इन कंपनियों में अपनी जगह बनाई है। बता दें की इस माह एस जीएस टेकिनकल सर्विस में बीएसडब्लू के अंकुर बघेल,कलिंगा विश्वविद्यालय में एमबीए के एम मनोहर नायडू, मैक कॉलेज में एमबीए के आंसू शौकला, साई हॉस्पिटल में एमबीए के जीतेन्द्र गिलहरे, डिजाइनर आर्ट गैलरी में एचआर/मार्केटिंग के भूपेन्द्र यदु वीवाई अस्पताल में बीएससी एमएलटी के चित्ररेखा, योगिता साहू, एमएचआईडीपीएल हरसिद्धि में बी बीटेक (सिविल) के तेज प्रकाश पंडित, बीटेक के आशीष कुमार सोनी, एमबीए अविनाश मिश्रा,वेदांत एल्यूमिनियम में बीएससी के गौरव कुमार साहू, गौतम कुमार साहू, फूडग्राह में योगान्त वर्मा, केयर हॉस्पिटल में शिवम गुप्ता, केल्सन पावर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में बी टेक के विभव साहू, जल जीवन मिशन में बी टेक के अविनाश मिश्रा, पेटीएम में बीटेक. के पंकज तिवारी, केवी रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड एमएलटी के चित्ररेखा साहू, फार्सिटा पैथोलॉजी में एमएलटी के डोमेश कुमार साहू, सोनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी होम में एमएलटी की रुचि साहू, इंडसइंड बैंक में एमबीए के कृष्णकांत सिंह, बंधन बैंक में एमबीए के इंद्र कुमार साहू,विकाश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एमबीए के हितेंद्र कुमार टंडन, वीवाई हॉस्पिटल में बीएससी एमएलटी की नंदिनी साहू,रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में एमबीए की शिवानी खरे, रेस आईटी डिज़ाइन वर्ल्ड में एमबीए में देवेन्द्र कुमार वर्मा, एमई-हिन टेक-एज सॉल्यूशंस में एमबीए के पी भास्कर नायडू,जेब्रोनिक्स में एमबीए के विकास कुमार उपाध्याय, एसवीपी माइनिंग टेक्नोलॉजीज में एमबीए के सृष्टि मौर्य, मार्कटाइन टेक्नोलॉजीज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में एमबीए के त्रिलोक सिंह,दीक्षा मिश्रा का चयन हुआ।

# यूनिवर्सिटी में हुआ प्लेसमेंट , बालको मेडिकल सेंटर ने किया 7 छात्रों को चयनित

श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में बालको मेडिकल सेंटर द्वारा 10 जून 2023 को प्लेसमेंट किया गया। जिसमें श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, रायपुर एवं रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नवा रायपुर के छात्र शामिल हुए। इस प्लेसमेंट में बीएससी नर्सिंग से हर्ष सिन्हा, प्रिया नेताम नीरा साहू ,पल्लवी साहू, अनुराधा सोनी एवं जीएनएम से प्रियंका साहू, राजेश्वरी साहू का चयन हुआ। प्लेसमेंट में बालको मेडिकल सेंटर के सिनियर मानव संसाधन प्रमुख एवं श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी से दीप शर्मा सहयोगी के तौर पर शामिल हुए। साथ ही कुलसचिव ने प्लेसमेंट के लिए उपस्थित सभी छात्रों से मुलाकात की और सभी का उत्साहवर्धन किया। बता दें की वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (VMRF) की पहली प्रमुख पहल बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) की स्थापना है।



# तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया आयोजन, प्रतिभागियों ने किया विभिन्न योगासनों का अभ्यास







श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "योग शिक्षा की उपादेयता: वर्तमान जीवनशैली के परिपेक्ष्य में " विषय पर दिनांक 19 से 21 जून 2023 को आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 19 जून 2023 हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से 250 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अविनाश चंद्र पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलपति अटल बिहारी बाजपई विश्वविद्यालय बिलासपुर आचार्य ए. डी. एन. वाजपेई एवं विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा शामिल हुए। उद्घाटन सत्र को दीप प्रज्जवलन एवं राजकीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग न सिर्फ हमें शरीर से स्वस्थ बनता है बल्कि अपने व्यावसायिक परिवेश में मन- बुद्धि के संतुलन एवं परिमार्जन के लिए आवश्यक है।

तत्पश्चात आचार्य ए. डी. एन. वाजपेई ने अपने उद्बोधन में योग के क्षेत्र में अनुसंधान करते हुए योग शक्ति और सर्वांगीण वैज्ञानिक विकास को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने विश्वविद्यालय को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह प्रयास सराहनीय है और विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास के लिए योग को स्कूल कॉलेजों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करना आवश्यक है। आईयूसीवायएस के डायरेक्टर प्रो. अविनाश चन्द्र पांडे ने अपने उद्बोधन में वर्तमान जीवन शैली में योग को चिकित्सा हेतु उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि विचारों पर, मस्तिष्क की तरंगों पर योग द्वारा नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही साथ उन्होंने फिजिक्स क्वांटम और योग के संबंध पर भी अपने संबोधन में चर्चा की।

प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. कामाख्या कुमार, विभागाध्यक्ष योग विभाग, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार ने "आधुनिक जीवन चर्या बनाम योगिक जीवन चर्या" विषय पर ऑन लाइन माध्यम से संबोधित किया। बता दें कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला



सात तकनीकी सत्र हुए जिसमें अलग-अलग योग विशेषज्ञों ने योग शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया। इन तकनीकी सत्रों में वक्ता डॉ. विवेक भारतीय , एम्स रायपुर के सह प्राध्यापक डॉ मृत्युंजय राठौर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव चौधरी ,महर्षि प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महर्षि विश्वविद्यालय बिलासपुर के योग विभाग की प्रमुख डॉ. गरिमा, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के योग एवं फिलासफी के विभागाध्यक्ष श्री जे एल गहरे, मृत्युंजय योग केंद्र रायपुर की निदेशिका श्रीमती मंजू झा एवं श्रीमती सविता झा ने सभी को योग के अलग-अलग पहलुओं, महत्व और आवश्यकताओं के बारे में चर्चा की और प्रायोगिक सत्रों का संचालन किया।

कार्यशाला के अन्तिम दिवस में नवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के तत्वावधान में कॉमन योग Protocol का विश्वविद्यालय परिसर में अयोजन किया गया जिसमें पदाधिकारियों, आचार्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़ कर लिया गया।

कार्यशाला का समापन दिनांक 21 जून 2023 को संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विवेकानंद आश्रम रायपुर से स्वामी प्रपत्यानंद, विशिष्ट अतिथि के रूप देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रो. सुरेश लाल बर्नवाल शामिल हुए। समापन सत्र को दीप प्रज्जवलन एवं राजकीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया तत्पश्चात श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के प्रति-कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग आध्यात्म तक पहुँचने का रास्ता योग है और जो योग से जुड़ा होता है वह कभी भी किसी भी प्रकार की परिस्थिति में डगमगा नहीं सकता।

प्रो. सुरेश लाल बर्नवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि कार्यशाला सीखने-सीखाने की प्रक्रिया है और इस कार्यशाला के द्वारा इस उद्देश्य को भलीभांति पूर्ण किया गया। योग प्रत्येक प्रतिभागी के जीवन में उतरे और चिंतन, चरित्र, व्यव्हार में परिलक्षित होना आवश्यक है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यशाला के मूल तथ्यों से जुड़कर उन्हें अपने जीवन में उतारे तो इस कार्यशाला का ध्येय पूर्ण होगा। मुख्य अतिथि स्वामी प्रपत्यानंद वर्तमान परिवेश में मानसिक संतुलन को बनाए रखने में योग अत्यंत आवश्यक है। योग जीवन के हर क्षेत्र में संबल प्रदान करता है। राष्ट्रीय, सामाजिक और व्यक्तिगत कर्तव्यों के सहीं परिपालन हेतु योग आवश्यक है। समापन सत्र के अंत में कार्यशाला के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, योग विभाग डॉ. केवल राम चक्रधारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला संपन्न हुई।उक्त कार्यशाला की आयोजक सचिव डॉ राधिका चंद्राकर सहायक आचार्य योग विभाग रहीं।





# शैक्षणिक सत्र 2023-24 का उद्घाटन समारोह ,सभी छात्रों का किया स्वागत...



श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 28 जून 2023 को शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरुआत के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र के उद्घाटन समारोह की शुरुआत सुबह गणेश जी और ज्ञान की देवी सरस्वती माँ की पूजा और अर्चना के साथ की गई ततपश्चात उद्घाटन सत्र कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन एवं राजकीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को मार्गदर्शित करने के लिए मुख्य अतिथि रूप में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश उपस्थित हुए साथ ही यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस. के. सिंह एवं कुलसचिव प्रभारी प्रो. विजय कुमार सिंह, डीन एकेडेमिक प्रोफेसर आरआरएल बिराली एवं सभी डीन, विभागा अध्यक्ष, प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुई। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस. के. सिंह ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले सभी छात्रों एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि हम सभी को गर्व हो रहा है कि आप सभी आज यहां मौजूद हैं, जहां हम एक नये शैक्षणिक सत्र 2023-24 का उद्घाटन करने जा रहे हैं। यह उत्सव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि इससे हमारा शिक्षा का सफर एक नई दिशा पर आरम्भ होगा। इस उद्घाटन समारोह के माध्यम से, हम अपनी यूनिवर्सिटी और उसकी बढ़ती हुई गरिमा से छात्रों को ज्ञान के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। हमारी यूनिवर्सिटी की यह विशेषता है कि हम छात्रों के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें भविष्य के प्रति शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने पं. मदन मोहन मालवीय के कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों को याद करते हुए कहा कि "एक शैक्षणिक संस्थान का मुख्य कार्य न केवल सीखने की शक्ति का निर्माण या विकास करना है, बल्कि छात्रों की मानसिक शक्ति को बढ़ाकर उन्हें डॉक्टर, वैज्ञानिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बनना है।" मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 सभी छात्रों के लिए नए संभावनाओं, नए सपनों और नए उद्देश्यों का आगमन है। यह एक यात्रा है जो सभी छात्रों को नये ज्ञान की गहराइयों और नवीनतम विचारों के साथ परिचित कराएगी। हम एक नए सत्र की शुरुआत करते हैं जहां हर छात्र को स्वतंत्रता और समानता के माध्यम से उच्चतम स्तर की शिक्षा दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि, शिक्षक बिल्कुल माता-पिता के समान होते हैं और हमारे जीवन के पहले शिक्षक हमारे माता-पिता ही होते हैं, इसलिए छात्रों को अपना ज्ञान प्राप्त करने के लिए शिक्षकों पर विश्वास रखना चाहिए क्योंकि शिक्षक आपकी ज्ञान की क्षमता को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र न केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचें, बल्कि समाज और राष्ट्र पर भी ध्यान दें क्योंकि हमारे देश में हर क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता का एहसास करना चाहिए और अध्ययन के हर क्षेत्र में सफलता पाने के लिए बहुत संभावनाएं और गुंजाइश हैं, लेकिन इसके लिए छात्रों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है।





# विश्वविद्यालय को मिला "एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 3.0" को आयोजित करने का अवसर...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय को एमएसएमई मंत्रालय की "एमएसएमई इनोवेटिव योजना" के तहत 'एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 3.0 (महिला)' के आयोजक संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है। केन्द्रीय सरकार नए भारत का सुदृढ़ नींव स्थापित करने के दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण पर एमएसएमई नवाचार योजना के तहत ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इस योजना का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमशीलता के विचारों को प्रोत्साहित करना और महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा MSME क्षेत्र में उपयोगी योगदान देने के लिये एक मंच प्रदान करना है। एमएसएमई मंत्रालय ने 27 जून 23 को एमएसएमई दिवस के अवसर पर माननीय एमएसएमई मंत्री द्वारा एमएसएमई नवाचार कार्यक्रम (इनक्यूबेशन घटक) के तहत सम्पूर्ण भारत में नवोन्मेषी महिलाओं और महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई के लिए "एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 3.0" पोर्टल लॉन्च किया है, जो 11.07.2023 तक खुला रहेगा। एमएमएसएमई से जुड़ी महिलाएं/शोध छात्रायें/अन्य नवोन्मेषी महिलाएं - कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, विद्युत, सेवा एवं विविध क्षेत्रों के विषयों पर आधारित अपने अभिनव विचार दिनांक 27 जून से 11 जुलाई 2023 तक पोर्टल https://my.msme.gov.in/inc/ के माध्यम से आवेदित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि आवेदकों के नवाचार प्रस्ताव एमएसएमई के द्वारा चयनित होने पर अधिकतम 15 लाख रु. की राशि आयोजक संस्थान (श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय) के माध्यम से "डेवलपमेंट एंड नर्चरिंग ऑफ़ द आईडिया इनटू प्रोटोटाइप" के लिए दिया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए आवेदक, आयोजक संस्थान (श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय) की वेबसाइट https://sruraipur.ac.in/sru/ पर भी जा कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं; एवं अधिक जानकारी के लिए अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. आर.पी. राजवाड़े से संपर्क कर सकते है। सम्पर्क सूत्र:- 99932 44372.

## यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने प्राप्त किया पी.एच.डी. उपाधि...

शोधार्थी पी.एच.डी. प्रोग्राम के अंतर्गत, स्वतंत्र रूप से अपने शोध कार्य को संपादित करते हैं और अपने विषय के गहन अध्ययन में नए ज्ञान की खोज करते हैं। इसी प्रकार श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय के विद्याभूषण शर्मा, ईश्वर प्रसाद यदु, समाज विज्ञान संकाय के समाज कार्य विभाग के नेतराम डड़सेना एवं विज्ञान संकाय के शोधार्थी टीनू दुबे ने अपना शोध कार्य पूरा किया और पी.एच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) उपाधि प्राप्त की।

बता दें की शिक्षा संकाय के अंतर्गत शोधार्थी विद्याभूषण शर्मा ने शोध निर्देशक डॉ. संजीत कुमार साहु के मार्गदशन में "शिक्षा की सूचना तकनीकी अभिवृत्ति को उनके सृजनात्मकता एवं शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव" विषय पर ओपन वाइवा दिनांक 27 मई 2023 को सम्पन्न हुआ, यह शोध विषय वर्तमान समय के परिपेक्ष्य में ICT की उपयोगिता को देखते हुए उनके रचनात्मकता व शिक्षक प्रभावशीलता पर प्रभाव देखा गया। ज्ञात हो कि विद्याभूषण शर्मा उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है एवं 2017 में उन्हे राज्यपाल शिक्षक पुरूस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

साथ ही विभाग के दूसरे शोधार्थी के रूप में ईश्वर प्रसाद यदु ने दिनांक 29 मई 2023 को अपने शोध विषय "बलौदाबाजार जिले के पलायन करने वाले श्रमिक परिवारो के बच्चो की प्राथमिक शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन "विषय पर ओपन वाइवा देकर अपना पी.एच.डी.पूरा किया। वर्तमान समय में पलायन एक विशेष समस्या है इसके कारण बहुत ही समस्याओं का सामना आज समाज में पालक एवं पाल्य दोना कर रहे है। ईश्वर प्रसाद यदु श्री रावतपुरा सरकार वि.वि. के शिक्षा विभाग में सहा. प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है एवं उन्हे 10 अक्टूबर 2022 को एशोसिएशन ऑफ़ प्रायवेट प्रोफेशनल अनएडेड कॉलेज ऑफ़ छत्तीसगढ़ के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चूका है।

समाज विज्ञान संकाय के समाज कार्य विभाग द्वारा नेतराम डड़सेना ने शोध निर्देशक डॉ. नरेश कुमार गौतम के अंतर्गत अपना पी.एच.डी. कार्य पूरा किया। 29 मई 2023 को नेतराम डड़सेना ने "महिलाओं के समाजिक विकास एवं स्वावलंबन में महिला स्व सहायता का योगदान" विषय पर ओपन वाइवा देकर अपना पी.एच.डी. पूरा किया। वहीं विज्ञान संकाय के शोधार्थी टीनू दुबे ने भी 5 जून 2023 को "डेवलपमेंट ऑफ इंटरवल टाइप - 2 फ्यूजी लॉजिक एफिशिएंट स्पीड कंट्रोलर्स फॉर थ्यूरिस्टर फेड इलेक्ट्रिकल ड्राइव सिस्टम्स" विषय पर अपना ओपन वाइवा प्रस्तुत कर पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम , कुलपति डॉ. एस. के. सिंह एवं कुलसचिव प्रभारी प्रो. विजय कुमार सिंह द्वारा विद्याभूषण शर्मा, ईश्वर प्रसाद यदु, नेतराम डड़सेना एवं टीनू दुबे को बधाई दी गई साथ ही उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गई।

# SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

Approved & Recognized By : | 13TH PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS

## एक कोर्स के साथ साथ दूसरी डिग्री लेना भी अब संभव

We are offering

## DUAL DEGREE

- B.Com. + B.B.A.
- M.Com. + M.B.A.
- B.A. + B.B.A.
- M.A. + M.B.A.
- M.Tech. + M.B.A.
- M.Sc. + M.B.A.
- M.Sc. + M.C.A.
- M.A. + L.L.B.
- M.Sc. + L.L.B.
- M.B.A. + L.L.B.
- B.A. / B.Sc. + B.A. / B.Sc. (Fashion Design / Interior Design)



इनके अतिरिक्त अन्य विकल्प भी उपलब्ध है

** Subjected to fulfillment of eligibility criteria


### सम्पादकीय समिति

प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज

श्री हर्ष गौतम
प्रति-कुलाधिपति

प्रो. एस. के. सिंह
कुलपति

डॉ. सी. रमेशकुमार
कुलसचिव

संपादक
हिना परवीन

छायाचित्र
शुभम नामदेव

ग्राफिक्स डिज़ाइन
दिनेश कुमार सिन्हा


सद्गुरु
प्राकट्य
महोत्सव
एवं
श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी
"स्थापना दिवस"
5 जुलाई 2023
समय : प्रातः 10 बजे से
स्थान : गोविन्दा कल्याण मण्डपम्,
श्री रावतपुरा सरकार युनिवर्सिटी कैंपस, NH-30,
रायपुर छत्तीसगढ़

# SRU
## SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

Approved & Recognized By : | 13TH PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC12 (B)" STATUS



ENTER THE WORLD OF SUCCESS

ADMISSION OPEN 2023-24



किफायती फीस

छात्रवृत्ति की सुविधा

- Best Education
- Best Infrastructure
- 100+ Best world Class Laboratories
- Best 118 Courses of All Streams
- 175+ Research Scholars
- Holistic approach of learning
- Core Training for Personality Grooming
- 100% Placement Opportunity
- Education Hub with 6500+ Students
- Abroad Students from Seven Countries

### COURSES OFFERED

**ENGINEERING**
- Diploma
- Diploma (Part Time)
- B. Tech.
- B. Tech. (Part Time)
- M. Tech.
- M. Tech. (Part Time)

**SCIENCE & IT**
- B.Sc.
- B.Sc. (Hons)
- M.Sc.
- B.Sc. (C.S.)
- M.Sc. (C.S.)
- D.C.A.
- P.G.D.C.A.
- B.C.A.
- M.C.A.

**ARTS**
- B.A.
- B.A. (Hons)
- M.A.
- B.S.W.
- M.S.W.

**PHARMACY**
- D. Pharmacy
- B. Pharmacy

**LIBRARY & INFO. SCIENCE**
- B. Lib. & I. Science
- M. Lib. & I. Science

**EDUCATION**
- B. Ed. Spl. Education
- B.P.Ed.
- B.Ed.
- D.L.Ed.
- BPES
- MPES

**LAW**
- B.A. LLB.
- B.COM. LLB.
- L.L.B.
- L.L.M.

**COMMERCE & MANAGEMENT**
- B. Com.
- B. Com. (Hons.)
- M. Com.
- B.B.A.
- M.B.A.
- M.B.A. (Part Time)
- Executive M.B.A.
- B.B.A.+M.B.A. (Integrated)
- PG Diploma

**FASHION & INTERIOR DESIGN**
- Diploma
- P.G. Diploma
- B. Sc.
- M. Sc.
- B. A.
- M.A.

**JOURNALISM & MASS COM**
- B.J.
- M.J.
- B. A. (JMC)
- M. A. (JMC)

**YOGA**
- Diploma in Yoga
- P.G. Diploma in Yoga
- B.A. (Yoga)
- M. A. (Yoga)
- B.Sc. (Yoga)
- M. Sc (Yoga)

**HEALTH & ALLIED SCIENCES**
- Bachelor of Optometry
- Master of Optometry

**HOTEL MANAGEMENT**
- Diploma in Hotel Management
- B.B.A (HM)
- B.H.M.C.T.
- M.B.A (HM)

**RESEARCH**
- Ph. D.

**D. VOC & B. VOC**
- Medical Lab Technology
- Medical Imaging Technology
- Patient Care Assistant
- Dialysis Technology
- Data Entry Operator
- Refrigeration & Airconditioning
- Cookery

- 23 वर्षों के अनुभवी, मध्यभारत की तेजी से उभरते हुए ग्रुप की 65 एकड़ के ग्रीन कैंपस से युक्त, रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर शहर की सबसे नजदीक की युनिवर्सिटी है ।
- छात्र एवं छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा है ।
- धमतरी, राजिम, दुर्ग एवं रायपुर शहर हेतु बस सुविधा है ।
- रोजगार उन्मुखी 118 कोर्स : इंजीनियरिंग, लॉ, पैरामेडिकल, ऑप्टोमेट्री,एजुकेशन, फार्मेसी, पत्रकारिता, योग, फैशन-इंटिरियर डिजाईन, आईटी, साइंस, कला, मैनेजमेंट एवं कॉमर्स , होटल मैनेजमेंट, लाइब्रेरी तथा पीएचडी रिसर्च के साथ ही वर्किंग डिप्लोमा इंजीनियर अब डिग्री इंजीनियरिंग का कोर्स एक साथ कर सकते है ।
- डुअल डिग्री की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे एक कोर्स के साथ दूसरी डिग्री भी लेना अब संभव है ।
- अंतराष्ट्रीय स्तरीय 2 जिम, 3 ऑडिटोरियम, 5 सेमिनार हॉल, फुटबाल एवं बास्केटबाल ग्राउंड, कैंटिन सुविधा के साथ 60000 से अधिक किताबे युक्त लाइब्रेरी ।
- 250 से अधिक दक्ष एवं अनुभवी प्रोफेसर एवं भारत के विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध प्रोफेसर भी अब संबद्ध ।



FULLY FUNCTIONED WORKSHOP



STANDARD COMPUTER LAB



WELL EQUIPPED LABORATORIES



101 SMART CLASS ROOMS



TRANSPORT FACILITY



STANDARD GYMNASIUM

## चार माह में 275 से अधिक रिकॉर्ड प्लेसमेंट

7222910411

NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India

Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar